Need to curb incidents of cyber fraud-laid

श्री बलवंत बसवंत वानखडे **(**अमरावती**) :** धोखाधड़ी करने वाले आम तौर पर लोगों को कॉल, फोन संदेश, ईमेल और व्हाट्सएप लिंक के माध्यम से जोड़ते हैं और उन्हें अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने के लिए मनाने की कोशिश करते हैं । ये बैंक खाते का विवरण, लॉगिन आईडी और पासवर्ड हो सकते हैं, या पीड़ित को उनके साझा लिंक के साथ एक एप्लिकेशन इंस्टॉल करने के लिए कह सकते हैं । कभी-कभी, वे डर पैदा करने की तकनीक का इस्तेमाल करते हैं । आम लोग ऑनलाइन फ्रॉड की आशंका से चिंताग्रस्त रहते हैं । अधिकतर लोग डिजिटल गिरफ्तारी के तरीके से अनजान हैं । मेरा सरकार से अनुरोध है कि ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों पर रोक लगाने हेतु तुरंत आवश्यक कदम उठाए जाएं ।